# प्रवेश नियमावली

1. प्रवेश आवेदन पत्र ऑन-लाइन एवं ऑफ-लाइन दोनों प्रकार से भरा जायेगा। प्रवेश आवेदन पत्र प्रत्येक कार्य दिवस में महाविद्यालय कार्यालय से 200 रू. में प्राप्त किया जा सकता है।

2. आवेदन पत्र को काले/नीले बाल पेन से साफ अक्षरों में पूर्ण रूप से भरकर महाविद्यालय कार्यालय 30 जून तक जमा कर दें। 30 जून के बाद प्राप्त आवेदन-पत्र का समावेश दूसरी सूची में (सीट रिक्त होने पर) होगा। आवेदन पत्र डाक से भी भेज सकते हैं। किन्तु डाक से आवेदन पत्र प्राप्त न होने पर महाविद्यालय की जिम्मेदारी नहीं होगी।

3. आवेदन पत्र के साथ किसी भी प्रकार के प्रमाण पत्र/अंक पत्र की छाया प्रति न लगाएं। मात्र आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर जमा करें। प्रवेश सूची में नाम आने पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित होते समय तीन फोटो, सभी प्रमाण पत्रों/अंक पत्रों की मूल प्रति एवं छाया प्रति, स्थानान्तरण प्रमाण पत्र, प्रव्रजन (माइग्रेशन) प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, आधार पत्र तथा सम्पूर्ण शुल्क साथ लेकर आये। प्रवेश स्वीकृत होने पर आवेदन पत्र के साथ उपरोक्त समस्त प्रमाणपत्रों की छाया प्रति लगाना एवं प्रवेश शुल्क तुरन्त जमा करना आवश्यक होगा।

4. आवेदन पत्र में कोर्स/विषय समझकर भरें। एक बार प्रवेश हो जाने के बाद विषयों में परिवर्तन नहीं होगा।।

5. प्रवेश हेतु साक्षात्कार के समय वर्ग एवं कोर्स/विषय आदि के चयन हेतु सुझाव भी दिये जायेंगे। यदि छात्र/छात्रा कोर्स/विषय स्वयं न तय कर सके तो आवेदन पत्र में न भरें।

6. प्रवेश का आधार साधात्कार के द्वारा छात्र/छात्रा का मूल्यांकन होगा। साक्षात्कार हेतु इण्टरमीडिएट परीक्षा प्राप्तांक के श्रेष्ठता क्रम में बुलाया जायेगा। उक्त श्रेष्ठता सूची में नाम होने का यह कदापि अर्थ नहीं होगा कि छात्र/छात्रा प्रवेश हेतु अर्ह है।

7. इण्टरमीडिएट की परीक्षा व्यावसायिक वर्ग से उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की श्रेष्ठता सूची सैद्धान्तिक विषयों के प्राप्तांक के आधार पर निर्धारित होगी, इसमें प्रायोगिक अंक सम्मिलित नहीं होंगे। यू.पी. बोर्ड एवं केन्द्रीय बोर्ड के प्राप्तांको में समानता लाने हेतु समान स्तर का सिद्धांत लागू किया जा सकता है।

8. एक संकाय में प्रवेश हेतु पंजीकृत आवेदन-पत्र किसी भी दशा में अन्य संकाय में स्थानान्तरित नहीं किया जायेगा। यदि कोई विद्यार्थी एक ही साथ कई संकायों में प्रवेश हेतु आवेदन करना चाहे तो अलग-अलग संकायों के लिए अलग-अलग आवेदन करना होगा।

9. भूगोल विषय का चयन वे सभी अभ्यर्थी कर सकते हैं जिन्होंने इण्टर में भूगोल पढ़ा हो अथवा इण्टर की परीक्षा विज्ञान या कृषि से उत्तीर्ण किया हो।

10. परास्नातक (कला/विज्ञान/वाणिज्य) प्रथम सेमेस्टर के जिस विषय में प्रवेश लेना चाहते हैं वह विषय स्नातक कक्षा में अभ्यर्थी द्वारा पढ़ा गया होना अनिवार्य है।

11. परास्नातक (कला/विज्ञान/वाणिज्य) प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु स्नातक स्तर पर 40 प्रतिशत या उससे अधिक अंक होना अनिवार्य है।

# महाराणा प्रताप महाविद्यालय : एक दृष्टि में

12. बी.सी.ए. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु इण्टरमीडिएट स्तर पर 40 प्रतिशत से कम अंक नहीं होना चाहिए।
13. सभी संकायों में प्रतिदेय अधिप्रतिनिधित्व तथा आरक्षण सरकार एवं गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार होगा। प्रबन्ध समिति के द्वारा महाविद्यालय हित में तय किये गये आरक्षण भी मान्य होंगे।
14. साक्षात्कार हेतु श्रेष्ठता सूची 9 जुलाई को महाविद्यालय के सूचना पट्ट, वेबसाइट पर तथा प्रवेश हेतु आवेदकों के बनाये गये व्हाट्सएप ग्रुप पर भी प्रकाशित कर दी जाएगी। प्रवेश 11 जुलाई से प्रारम्भ होगा।
15. श्रेष्ठता सूची में घोषित अभ्यर्थी को निर्धारित तिथि पर साक्षात्कार हेतु प्रवेश समिति के समक्ष उपस्थित होना होगा।
16. साक्षात्कार के पश्चात् चयनित अभ्यर्थी यदि उसी दिन निर्धारित शुल्क जमा नहीं करते हैं तो प्रवेश के लिये उसका चयन निरस्त माना जायेगा।
17. कोई भी संस्थागत विद्यार्थी सम्बन्धित सत्र में प्रवेश से लेकर परीक्षा की अन्तिम तिथि तक ही संस्था का विद्यार्थी माना जायेगा।
18. किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए लिया गया शुल्क किसी अन्य पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए न तो समायोजित होगा और न ही वापस होगा। प्रत्येक छात्र/छात्रा को उसके द्वारा जमा की गयी धनराशि को रसीद दी जायेगी।
19. विवरणिका तथा नियमावली में आकस्मिक संशोधन तथा परिवर्तन का अधिकार महाविद्यालय के पास सुरक्षित है।

❖ **ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को 11 जुलाई से प्रवेश समिति के समक्ष प्रस्तुत होना होगा। प्रवेश के समय उन्हें परिचय पत्र, पुस्तकालय कार्ड, समय-सारणी एवं चरित्र पंजिका प्रवेश स्वीकृति के बाद प्रदान की जायेगी।**